an>

Title: Regarding including the of exhibition of Maharashtra during the Republic Day Parade.

श्री श्रीरंग आप्पा बारणे (मावल): माननीय उपाध्यक्ष जी, मैं आपके माध्यम से सदन में महाराष्ट्र राज्य के सम्मान की बात रखना चाहता हूं। हर साल 26 जनवरी को देश भर से हर राज्य की झांकियां राजपथ पर निकलती हैं और इसमें महाराष्ट्र राज्य के कला और वैभव का दर्शन होता आ रहा है। वर्ष 2015 को महाराष्ट्र राज्य की झांकी और चित्ररथ को प्रथम स्थान मिला था। हर वर्ष 26 जनवरी को महाराष्ट्र राज्य की झांकी और चित्ररथ को शामिल किया जाता रहा है। अब केंद्र सरकार से महाराष्ट्र राज्य को सूचना दी गई है कि वर्ष 2016 में 26 जनवरी के कार्यक्रम में महाराष्ट्र राज्य की झांकी एवं चित्ररथ को शामिल नहीं किया जा सकता है। ऐसी सूचना महाराष्ट्र राज्य को दी गई है। महाराष्ट्र में नागपुर में चल रहे विधान सभा सत्र में महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री ने यह मुद्दा उठाया है। महाराष्ट्र की कुल 48 सीट में से 42 सांसद इस सदन में हैं।

मैं 26 जनवरी, 2016 को राजपथ में हो रहे कार्यक्रम में महाराष्ट्र राज्य का चित्ररथ शामिल करने की मांग करता हूं।

HON. DEPUTY-SPEAKER: Shri Arvind Sawant, Shri Rahul Ramesh Shewale, Dr. Shrikant Eknath Shinde is permitted to associate with the issue raised by Shri Shrirang Appa Barne.

SHRI ARVIND SAWANT (MUMBAI SOUTH): Rajiv Pratap Rudy Ji, please take note of this. It is a serious thing. ...(*Interruptions*)